सुगाता घोष दस्तीदार,
भा.र.ले.से.
S G Dastidar, IDAS
रक्षा लेखा महानियंत्रक
CGDA

सत्यमेव जयते

दूरभाष : 011-25674782
रक्षा लेखा महानियंत्रक
उलन बटार रोड, पालम
दिल्ली छावनी-110010
Controller General of Defence Accounts
Ulan Batar Road, Palam
Delhi Cantt.-110010

आज़ादी का अमृत महोत्सव

संदेश

हिंदी दिवस की पावन बेला पर रक्षा लेखा परिवार के सभी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं।

हिंदी भाषा पूरी दुनिया में सबसे तेजी से उभरने वाली भाषाओं में से एक है। विश्व भाषा डाटा बेस एथनोलॉग के 22 वें संस्करण के अनुसार हिंदी दुनिया में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से तीसरे स्थान पर है। संविधान सभा ने 14 सितंबर 1949 को हिंदी को राजभाषा के रूप में अंगीकार किया था तभी से प्रति वर्ष 14 सितंबर को 'हिंदी दिवस' मनाया जाता है। हिंदी हिंदुस्तान की पहचान भी है और गौरव भी है। हिंदी के इसी गौरव को विश्व में स्थापित करने के लिए प्रति वर्ष 10 जनवरी को 'विश्व हिंदी दिवस' मनाया जाता है। भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने कहा है :-

"हिंदी पढ़ना और पढ़ाना हमारा कर्तव्य है। उसे हम सबको अपनाना है।"

वैश्वीकरण के दौर में भारत को एक प्रमुख बाज़ार मानते हुए विभिन्न विदेशी विश्वविद्यालयों में हिंदी का अध्ययन किया जा रहा है जिससे पता चलता है कि अब विदेशों में भी हिंदी के महत्व को स्वीकार कर लिया गया है। हिंदी के प्रचार-प्रसार में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का भी बहुत बड़ा योगदान है और हिंदी को लेकर लोगों की सोच भी बदल रही है। विश्व की बड़ी-बड़ी कंपनियां जैसे गूगल, फेसबुक आदि भी हिंदी के बढ़ते महत्व को देखते हुए हिंदी को अपना रही हैं।

हमारे विभाग के कार्यालय पूरे भारतवर्ष में फैले हुए हैं। जिनमें अनेक भाषा-भाषी व्यक्ति कार्य करते हैं। इन विभिन्न भाषाओं के बीच हिंदी ही एक ऐसी भाषा है जो संपर्क भाषा के रूप में एक दूसरे को जोड़ती है। पिछले कुछ समय से विभाग में हिंदी में किए जा रहे कार्यों में काफी बढ़ोतरी हुई है। आईटी के क्षेत्र में भी विभाग ने हिंदी के विकास में अपना योगदान दिया है। हिंदी यूनिकोड के प्रयोग से अब कंप्यूटर पर हिंदी में काम करना बहुत ही सरल हो गया है। कंप्यूटर पर कार्मिकों के हिंदी प्रशिक्षण के उपरांत हिंदी पत्राचार के प्रतिशत में भी वृद्धि पाई गई है। विभागीय वैबसाइट एवं पेंशन संबंधी सॉफ्टवेयर 'स्पर्श' का द्विभाषीकरण, हिंदी में टिप्पण-आलेखन, और हिंदी में विभागीय ई-पत्रिका इत्यादि इस दिशा में किए गए महत्वपूर्ण प्रयास हैं।

हिंदी दिवस के अवसर पर हम संकल्प लें कि आम जन की सरल हिंदी भाषा का प्रयोग करते हुए अपना अधिकाधिक सरकारी कार्य हिंदी में करेंगे।

जय हिंद !

सुगाता घोष दस्तीदार
रक्षा लेखा महानियंत्रक

हिंदी दिवस, 2023